**खबर संक्षेप**

## सड़क पर लगी भीड़ को देखकर नाले के किनारे दुबका बाघ



**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघों की लगातार बढ़ती संख्या की वजह से बाघ कहीं भी नजर आ जाते हैं। बांधवगढ़ के पनपथा रेंज अंतर्गत ग्राम गांगीताल में सडक़ के किनारे बाघ दिखाई दे रहा था। यहां बाघ को देखने के लिए राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। भीड़ को देखकर बाघ नाले के किनारे दुबक कर बैठ गया। इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार बाघ सडक़ से लगभग आधा किलोमीटर दूर नाले के किनारे बैठा हुआ था जिस पर लोगों की नजर पड़ गईं बाघ को देखने के बाद लोग यहां रुकने लगे और काफी देर तक सडक़ पर लोगों की भीड़ जमा रही। सडक़ पर रुककर बाघ को देखना कितना खतरनाक हो सकता है इस तरह सडक़ पर रुककर बाघ को देखना कितना खतरनाक हो सकता है इस बारे में आम लोगों को शायद जानकारी नहीं है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के डिप्टी फील्ड डायरेक्टर पीके वर्मा का कहना है कि इस तरह बाघ हमला भी कर सकता है इसलिए वन प्राणी को देखने के लिए अपने वाहन से कभी भी नीचे नहीं उतरना चाहिए। बताया गया है कि गांगीताल के भी कई ग्रामीण भीड़ में मौजूद थे। हालांकि कुछ समय बाद वन अमला यहां सक्रिय हो गया और बाघ को जंगल के अंदर हांक दिया गया।

## स्कूल ड्रेस, स्टेशनरी उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने पुस्तक मेला का आयोजन

**शहडोल।** कलेक्टर तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक की किताब, स्टेशनरी, बैग, स्कूल ड्रेस एवं अन्य सामग्री अभिभावकों को उचित मूल्य पर सुलभ हो सके इस हेतु संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय रघुराज उत्कृष्ठ उ.मा.वि के सभागार में विराट पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है। विराट पुस्तक मेला के आयोजन का उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों के लिए किताबें, ड्रेस व अन्य सामग्री स्वतंत्र रूप से प्राप्त हो सके, अभिभावक, विद्यार्थी पुस्तक मेले में आए और इसका लाभ ले।

### जमीन का सौदा भी और कारोबार भी, हो रहीं शिकायतें

# हाइवे पर सरेआम धोखाधड़ी, प्रशासन खामोश क्यों?

संभाग मुख्यालय की भी प्रशासनिक व्यवस्था इतनी लचर हो चुकी है कि अब मुख्यालय और तहसील की शक्ल में कोई खास अंतर नजर नहीं आता है। शहडोल नगर अंतर्गत माफिया बेखौफ अपनी करतूतों को अंजाम दे रहे हैं, सरेआम हाइवे पर अपराध पनप रहे हैं, दुर्घटनाएं हो रहीं हैं लेकिन अंकुश लगाने और कार्रवाइयों की फुर्सत किसी को भी नहीं है। मेडिकल कालेज के समीप हाइवे पर ऐसा ही एक अपराध पनप रहा है, जिसमें भू स्वामी ने मुआवजा लेने के बाद जमीन पर दूकान बनवा ली।




**शहडोल।** मेडिकल कालेज के समीप हाइवे पर राजेन्द्र सिंह चौक में एक भूमि स्वामी नीलेश सिंह ने उस जमीन पर दूकानें बनवा ली हैं जिसे सडक़ निर्माण के लिए सरकार ने अधिगृहीत करके उसका मुआवजा भूमि स्वामी को दे दिया था। हालांकि पूर्व कलेक्टर डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने उसका अतिक्रमण हटवा दिया था लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद कथित भू स्वामी ने राजस्व अमले से साठगांठ कर पुनः उसी भूमि पर कब्जा कर लिया और उस भूमि का व्यावसायिक लाभ उठाने वहां दूकाने बनवा दीं। इस बात की जानकारी प्रशासन और उसके अमले को है लेकिन इसके बाद भी कार्रवाई नही हो रही है। इससे अमले की मिलीभगत का संदेह उत्पन्न होता है। हालांकि इस मामले पुनः नागरिकों द्वारा कमिश्नर, एसडीएम व महाप्रबंधक सडक़ विकास निगम से शिकायत की गई है।

### शिकायत में किया खुलासा

शिकायतकर्ता मणिराज सिंह निवासी वार्ड नंबर 20 व कुछ अन्य लोगों ने अपनी शिकायतों में लेख किया है कि खसरा क्रमांक 371 अंतर्गत मेडिकल कालेज चौराहा हाइवे सीमा पर स्थित भूमि पर नीलेश सिंह पिता स्व. राजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी कुदरी ने हाइवे सीमा के अंदर अवैध दूकानों का निर्माण कराया है। पूर्व में इनके निर्माण कार्यको कलेक्टर ने हटवाया भी था अब पुनः निर्माण करा लिया गया है। शिकायतकर्ताओं ने माग की है कि इस तरह शासन से की जाने वाली धोखाधड़ी के खिलाफ कार्रवाई की जाए साथ ही सडक़ सुरक्षा की दृष्टि से भी दूकानों का हटवाया जाना जरूरी है।

### हो सकती है बड़ी दुर्घटना

बताया गया कि सडक़ किनारे कई दूकाने बनवा दिए जाने से हाइवे के वाहनों को असुविधा हो रही है इस स्थल पर सामने के वाहन दिखाई नहीं पड़ते और वाहन चालकों को अक्सर धोखा हो जाता है। छिटपुट घटनाएं तो यहां कई हो चुकीं हैं लेकिन प्रशासन की नीद नहीं टूट रही है, अगर इसी तरह का हाल रहा तो किसी दिन गंभीर दुर्घटना होगी। शायद प्रशासन को शिकायतों का नहीं गंभीर दुर्घटना का इंतजार है। ऐसी दुर्घटना होते ही फिर आनन फानन अवैध दूकानों पर बुल्डोजर चल जाएगा। अगर पहले से ही प्रशासन चेत जाए और यहां का अतिक्रमण हटवा दे तो यह जनहित में एक उचित कदम होगा।

### मुआवजा देकर भी अनजान बने

सबसे अधिक हैरानी एमपीआरडीसी के अफसरों को लेकर हो रही है। शासन ने भूमि स्वामी को मुआवजा दे दिया इसके बाद भी एमपीआरडीसी ने यहा अतिक्रमण पर आपत्ति नहीं की और उसे शायद इस बात का अंदाजा भी नहीं है कि उसकी भूमि पर किसी ने अवैध कब्जा कर लिया है। सबसे पहले एमपीआरडीसी द्वारा ही आपत्ति दर्ज कराई जानी चाहिए। जब एक बार भूमि का मुआवजा दे दिया गया तो फिर उस पर कब्जा दखल का प्रश्न ही नहीं उठता। नेशनल हाइवे पर सरेआम शासकीय प्रावधान का उल्लंघन हो रहा है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

### भूमि स्वामी का दुस्साहस

मुआवजा लेकर फिर से उसी भूमि पर निर्माण कार्य कराना यह शासन के साथ धोखाधड़ी तो है ही प्रक्रियाओं और शासकीय प्रावधानों का उल्लंघन भी है। इस जगह पर दुर्घटनाओं का भय भी है। इन जरूरी विंदुओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन को तत्काल कदम उठाना चाहिए। भूमि स्वामी एक तरह से कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन गया है। वह सरेआम सडक़ पर धोखाधड़ी का अपराध किए बैठा है लेकिन इसके बावजूद उसका अपराध प्रशासन को दिखाई नहीं पड़ रहा है।

## निष्क्रिय खुली खदान के भराव के लिए सौंपा ज्ञापन




**अमलाई।** मेसर्स साउथ ईस्टर्न कोल इंडिया लिमिटेड, सोहागपुर क्षेत्र, धनपुरी स्थित महाप्रबंधक कार्यालय में मेसर्स अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई एवं एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के मध्य तीन निषक्रिय खदानो को अ.ता.वि.गृ. चचाई से निस्काषित फ्लाई ऐश से भराव करने के लिए समझौता ज्ञापन सौंपा गया। एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक श्रीकृष्णा की उपस्थिति में, अ.ता.वि.गृ. के मुख्य अभियंता महेन्द्र लाल पटेल एवं एसईसीएल बुढ़ार-सोहागपुर क्षेत्र के उपक्षेत्रीय प्रबंधक जय प्रकाश महतो द्वारा अ.ता.वि.गृ. चचाई से निकलने वाली फ्लाई ऐष से अनुपयोगी बैगा, ट्रेंच एबीसीडी एवं ट्रेच टी-3 खुली खदान का, भराव करने के लिए समझौता ज्ञापन निष्पादित किया गया। इस अवसर पर ताप विद्युत गृह के अधीक्षण अभियंता सह नोड़ल अधिकारी (फ्लाई ऐष) विजय देब, कार्यपालन अभियंता अखिलेष कुमार सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। एसईसीएल की ओर से पंकज गौतम, एवं केषव मीणा, पर्यावरण अधिकारी एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र, उपस्थित थे।इस अवसर पर मुख्य अभियंता महेन्द्र लाल पटेल द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि इस भराव कार्य में कुल 24 लाख घनमीटर फ्लाई ऐष का अनुमानित उपयोग आकलित किया गया है, जिससे भूमि सतह के स्तर को प्राप्त करने तक कार्य संपन्न किया जावेगा तथा इस भूमि को उन्नत करते हुए अंत में वृक्षारोपण/उद्यान निर्माण का कार्य किया जावेगा, जिससे पर्यावरणीय हितों के संवर्धन के साथ-साथ अ.ता.वि.गृ., म.प्र.पा.ज.कं.लि., चचाई की फ्लाई ऐष उपयोगिता में वृद्धि सुनिश्चित हो सके। श्री पटेल ने जानकारी दी कि वर्तमान में अ.ता.वि.गृ. चचाई के राखड़ बॉध में 37 लाख घन मीटर फ्लाई ऐष उपयोग हेतु उपलब्ध है।

समझौता ज्ञापन निष्पादन समारोह में उपस्थित विषिष्ट अतिथी श्रीकृष्णा महाप्रबंधक सोहागपुर क्षेत्र ने हर्ष व्यक्त करते हुए अ.ता.वि.गृ. चचाई को पर्यावरणीय हितों के संवर्धन एवं फ्लाई ऐष उपयोगिता में वृद्धि के परिप्रेक्ष्य में अपनी शुभकामनाए प्रेषित की साथ ही आवंटित अनुपयोगी खदानों का अतिशीघ्र भू-भराव कर समतलीकरण प्रक्रिया संपन्न करने का अनुरोध किया है, एस. एम. कृष्णा ने अपने उद्बोधन में यह व्यक्त किया कि एसईसीएल सदैव पर्यावरण हितों के लिए समर्पित रहा है, पूर्व में हमारे क्षेत्र अंतर्गत आवंटित शारदा ओपीक्यूआर खुली खदान में मेसर्स एमबी पॉवर जैतहरी एवं अ.ता.वि.गृ. चचाई द्वारा 11 लाख घनमीटर राख का भराव कर भू समतलीकरण की प्रकृिया संपन्न की जा रही है , जिससे इस क्षेत्र में पर्यावरण हितों की वृद्धि संभव होगी। भविष्य में हम इस तरह की अन्य अनुपयोगी खदानों को फ्लाई ऐष से भराव हेतु विद्युत संयंत्रों को उपलब्ध कराते रहेंगें।

एसईसीएल बुढ़ार-सोहागपुर क्षेत्र के उपक्षेत्रीय प्रबंधक जय प्रकाश महतो ने अ.ता.वि.गृ. चचाई के अधिकारीगणों को पर्यावरण संवर्धन के लिए किये जा रहे योगदान की प्रशंसा करते हुए, भराव कार्य का संपादन म.प्र.प्र.नि.बो. द्वारा जारी जारी दिशा निर्देशानुरूप करते हुए निर्धारित उपयोगिता लक्ष्य प्राप्त करने हेतु शुभकामनाऍं प्रेषित की है।

## एसईसीएल ने जमीन अधिग्रहित कर नहीं दी नौकरी

**उमरिया।** जिले में एसईसीएल के जोहिला क्षेत्र में अधिग्रहित भूमि के बदले नौकरी पाने के लिए आज भी भूमि स्वामी भटक रहे है, एसईसीएल द्वारा मकान, बाड़ी व पेड़-पौधे का सर्वे पूर्ण करने के बाद भी गुमराह किया जा रहा है। कई बार बैठक में मुख्य महाप्रबंधक द्वारा आश्वासन भी दिया गया कि शीघ्र ही नौकरी और मुआवजा बचे हो लोगों को दिया जायेगा, लेकिन आज भी दर्जनों युवा नौकरी की आस में महाप्रबंधक कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। प्रभावितों द्वारा एसईसीएल कार्यालय में पूछे जाने पर अधिकारी द्वारा कार्रवाई जारी है, यह कहकर भोले-भाले लोगों को वापस घर भेज दिया जाता है। इस पूरे खेल के पीछे कॉलरी के एक कर्मचारी का बड़ा रोल है, जो लोगों की फाईलों में जबरिया खामिया निकलवाता है और उनके भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है।

### वर्षो से जमें पटेल जी

जोहिला क्षेत्र में नौकरी एवं मुआवजा पीड़ितों की फाईलें श्रीनिवास पटेल नामक बाबू के टेबिल से होकर ही गुजरती है, चर्चा है कि उक्त लिपिक लगभग 2 दशक से जोहिला क्षेत्र में पदस्थ है, स्थानीय लोग जिनकी भूमि एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित कर ली है, उन्हें किसी न किसी बात पर उलझाकर उन्हें वर्षो से भटकाया जा रहा है, इस खेल के पीछे वरिष्ठ अधिकारियो का संरक्षण न हो ऐसा हो नहीं सकता, कुछ लोगों आज भी मुआवजे के लिए भटक रहे हैं, जिन्हें मुआवजा मिल गया है, वह नौकरी पाने के लिए कई-कई वर्षो से कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं।

### प्रबंधन नहीं देता दखल

पटेल बाबू के रसूख का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इतने वर्षो में उनके ऊपर के कई अधिकारी आये और चले गये, लेकिन लगभग दो दशक से पटेल बाबू जोहिला क्षेत्र में अंगद की पैर की तरह जमें हुए है, चर्चा है कि बिलासपुर में बैठे अधिकारियों का दंभ भरकर वरिष्ठ अधिकारियों को भी चमकाने में कोई परहेज पटेल जी द्वारा नहीं किया जाता। स्थानीय लोगों की भूमि अधिग्रहित हो चुकी है, उसी भू-खण्ड का मुआवजा उनके खाते में जा चुका है, लेकिन उनके हक की नौकरी आज भी उन्हें नहीं मिल पाई है। लोगों ने वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि पूरे मामले में संज्ञान लेकर जल्द से जल्द आगे की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाये।

**नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन, प्रकरणों का किया गया निराकरण**

## एक वर्ष से बिछड़े हुये पति-पत्नी एक हुये



**शहडोल।** "राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री महेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में 11 मई को वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय एवं सिविल न्यायालय ब्यौहारी, बुढ़ार तथा जयसिंहनगर में किया गया। प्रीलिटिगेशन स्तर पर बैंक रिकवरी के 2415 प्रकरणों में से 53 प्रकरण निराकृत हुये तथा 27 लाख 41 हजार 378 रूपये की राशि बैंको में जमा हुई । बिजली के 1495 पूर्ववाद प्रकरणों में से 25 प्रकरणों का निराकरण हुआ तथा 71 हजार रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ । इसी तरह नगरपालिका के जलकर के 662 प्रकरणों में से 271 प्रकरण निराकृत हुये और लगभग 5 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ तथा अन्य प्रकरणों में जिनमें दूरसंचार, संपत्तिकर एवं अन्य प्रीलिटिगेशन के प्रकरण शामिल हैं के 382 प्रकरणों में से 72 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें शासन को लगभग 5 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

### 1 करोड़ 28 लाख 99 हजार का मिला राजस्व

शहडोल में नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला न्यायालय एवं सिविल न्यायालय ब्योहारी बुढ़ार तथा जयसिंहनगर में कुल 22 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया था। नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय परिसर में विद्युत विभाग, नगरपालिका, राष्ट्रीयकृत बैंक, बी.एस.एन.एल आदि विभागों के स्टॉल लगाये गये। इस नेशनल लोक अदालत में कुल 772 प्रकरणों का निराकरण हुआ, इनमें से 421 प्रकरण प्रीलिटिगेशन के थे, जबकि अन्य 351 प्रकरण न्यायालय में लंबित थे। नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के कुल 275 प्रकरण लोक अदालत में रेफर किये गये थे, जिसमे से 45 प्रकरणों में कुल मिलाकर 63 लाख 42 हजार रूपये का एवार्ड पारित किया गया। चेक बाउंस के 898 रैफर प्रकरणों में 33 प्रकरण निराकृत हुये तथा 55 लाख 62 हजार 566 रूपये की राशि के राजीनामा किये गये। न्यायालय में लंबित आपराधिक समझौता योग्य मामलों में 2192 प्रकरण रखे गये, जिसमें से 196 का निराकरण राजीनामा के आधार पर हुआ। वैवाहिक प्रकरणों के 313 प्रकरण रखे गये, जिसमें से 36 प्रकरण राजीनामा के आधार पर निराकृत हुये। सिविल, विद्युत आदि अन्य श्रेणी के 873 प्रकरण रखे गये, जिनमें से 41 प्रकरण निराकृत हुये। कुल मिलाकर न्यायालय में लंबित 4551 राजीनामा योग्य प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखे गये, जिसमें 351 प्रकरणों में राजीनामा हुआ एवं 1 करोड़ 28 लाख 99 हजार 566 रूपये की राशि एवार्ड एवं राजस्व प्राप्ति के रूप में प्रभावित हुई ।

### पति-पत्नी को मिलवाया

11 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत में कुल 772 प्रकरणों का निराकरण हुआ तथा 1278 व्यक्ति लाभांवित हुए, कुटुंब न्यायालय शहडोल में प्रकरण एम.जे.सी.आर./130/2023 शालू यादव विरूद्ध रामजी यादव निवासी ग्राम पोंगरी सोहागपुर वर्ष 2023 से लंबित था, दोनों की शादी जून 2023 में हुई थी, किन्तु छोटी सी बात पर विवाद होने पर वे 2023 से ही पृथक-पृथक रह रहे थे। आवेदिका पति से रूठकर अपने छोटे बच्चे को लेकर मायके चली गई थी और पति के बार-बार बुलाने पर भी नहीं आ रही थी। प्रकरण के प्रचलन के दौरान उभयपक्ष के मध्य माननीय प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्रीमती गीता सोलंकी एवं उनके अधिवक्ता/काउंसलर नारायण प्रसाद शुक्ला एवं राजेन्द्र द्विवेदी के द्वारा समझाईश देने पर वे दोनों नेशनल लोक अदालत 11 मई को समझौता कराया गया। माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महेन्द्र कुमार जैन, माननीय विशेष न्यायाधीश सुभाष सोलंकी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती कुमुदिनी पटेल की उपस्थिति में दोनों एक दूसरे को फूल-माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर आपसी सहमति से एक हो गये और दोनों को स्मृति चिन्ह स्वरूप फलदार पौधा भेंट किया गया एवं समझाईश दी गई कि आपसी प्रेम और सहयोग की भावना रखकर जीवन-यापन करे। उन्होंने यह आश्वासन दिया कि आने वाले समय में अपने बच्चे समर यादव उम्र 01 वर्ष को अच्छी शिक्षा देंगे और उसका पालन-पोषण करेंगे।

### दीप प्रज्जवलन के बाद हुआ आयोजन

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र कुमार जैन द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में मां सरस्वती एवं महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अधिवक्ता संघ राकेश सिंह, सचिव अधिवक्ता संघ सतीश पाठक, विशेष न्यायाधीश सुभाष सोलंकी, कुटुम्ब न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश श्रीमती गीता सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव जिला न्यायाधीश श्रीमती कुमुदिनी पटेल, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रिवेन्द्र कुमार सेन, श्रीमती प्रीति साल्वे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अंजय कुमार सिंह व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, ऋषभ डॉनल सिंह व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, सुश्री अपेक्षा पाटीदार व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, श्रीमती मानसी सिंगोदिया अरोरा व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, सुश्री दीप्ती चैहान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, सुश्री श्वेता यादव प्रशिक्षु न्यायाधीश, लोक अभियोजन अधिकारी विश्वजीत पटेल, अमित शर्मा जिला विधिक सहायता अधिकारी, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल कुंजबिहारी द्विवेदी, न्यायालय के अधिवक्तागण, पैनल अधिवक्तागण, पैरालीगल वालेंटियर, न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने कुपोषित से सुपोषित हुए बच्चों के पालकों से की मुलाकात



**उमारिया।** कमिश्नर बी.एस.जामोद ने करकेली जनपद पंचायत के ग्राम कटरिया ग्राम पंचायत पठारी कला में कुपोषित से सुपोषित के श्रेणी में आने वाले दो बच्चों के पालकों से मुलाकात की । सुपरवाइजर सरिता सिंह ने बताया कि सीमा सिंह माता चंद्रकली पिता करण सिंह , सुमन सिंह माता नान बाई पिता शिव कुमार कुपोषण की श्रेणी में थी, जिन्हें कुपोषण से निजात दिलाने के लिए जिला चिकित्सालय उमारिया के एनआरसी में 14-14 दिनों के लिये भर्ती कराया गया था। जिससे अब उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। अब उनका वजन भी पहले की अपेक्षा बढ़ गया है। कमिश्नर बी.एस . जामोद ने बच्चों के पालको से कहा कि बच्चों का नियमित फालोअप किया जाए, इसके साथ ही आवश्यकता पडऩे पर पुनः एन आर सी में भर्ती किया जाए। मीनू के अनुसार बच्चों को भोजन दिया जाए। बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरते। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर सजग रहे , एवं बच्चों के खान पान का ध्यान रखे। श्री जैन ने कहा कि बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाली पंजीरी , सेतुआ का सेवन कराये इसके साथ ही उन्हें पौष्टिक भोजन खिलाये, ताकि उनका वजन और अधिक बढ़ सके। इस दौरान उन्होंने अपने सामने बच्चों का वजन कराया। जिसमे उनका वजन बढ़ा हुआ पाया गया। इस दौरान परिवार द्वारा किये जा रहे तेंदूपत्ता संग्रहण के कार्य का भी अवलोकन किया । निरीक्षण के समय सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, एसडीएम बाँधवगढ़ रीता डेहरिया, तहसीलदार बाँधवगढ़ सतीश सोनी, डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मन मोहन सिंह कुशराम, सीएमएचओ डॉ. आर.के.मेहरा सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे ।

## कमिश्नर ने बच्चों से पहाड़ा पूछकर किया प्रोत्साहित

**उमारिया।** कमिश्नर बी.एस.जामोद ने करकेली जनपद पंचायत के ग्राम कटरिया में बुद्ध सेन के निर्माणाधीन आवास का अवलोकन किया एवं आवास को शीघ्रता के साथ पूर्ण करने की बात कही। आपने कहा कि आवास का निर्माण गुणवत्तापूर्ण कराए। हितग्राही ने बताया कि आवास योजना के तहत दो लाख रूपये तक की किशत प्राप्त हो चुकी है। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने साक्षी पिता ओम प्रकाश एवं किरण पिता दीपचंद्र से उनके पठन पाठन के संबंध में पूछताछ की जिस पर किरण ने बताया कि वे ग्राम के ही प्राथमिक शाला में कक्षा 3 की छात्रा है। साक्षी ने बताया कि वे भी तीसरी कक्षा में अध्ययनरत है। इस दौरान कमिश्नर ने बच्चों से 2, 7 एवं 9 का पहाड़ा सुनाने को कहा , जिस पर बच्चों के द्वारा पहाड़ा सुनाया गया। कमिश्नर ने बच्चों से स्कूल में शिक्षको के नियमित आने, भोजन एवं अध्यापन कार्य के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की , जिस पर उनके द्वारा कहा गया कि स्कूल में नियमित शिक्षक के द्वारा अध्यापन का कार्य कराया जाता है, एवं मीनू के अनुसार भोजन दिया जाता है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बच्चों से कहा कि नियमित रूप स्कूल जाए एवं लगन, निष्ठा के साथ अपना अध्यापन का कार्य करे और पढ़ लिखकर उच्च पदों में पहुँच कर अपने घर, ग्राम एवं जिला का नाम रोशन करे, ऐसी मेरी शुभकामना है। इस दौरान परिवार द्वारा किये जा रहे तेंदूपत्ता संग्रहण के कार्य का भी अवलोकन किया ।



## सरपंच-सचिव ने खुद की पंचायत छोड़ दूसरे पंचायत में कराया निर्माण

**जांच के बाद खुल सकती है भ्रष्टाचार की परतें**

# अंधेर मचाने वालों के हौसले बुलंद



शहडोल। जिले की ग्राम पंचायतों में अराजकता अपनी हद पार कर अंधेरगर्दी में बदल रहा है, लेकिन जिला प्रशासन के संबंधित सक्षम अधिकारी कड़ी कार्रवाई करने की बजाय पंगु से बने बैठे है। इससे अंधेर मचाने वालों के हौसले बुलंद हैं। ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक ढिलाई के कारण विकास कार्यों में गतिरोध सा बना हुआ है। एक तो निर्माण कार्य ग्राम पंचायतों व क्षेत्रीय आवश्यकताओं को देखते हुए नहीं बल्कि सरपंच व सचिव की मंशा के अनुरूप कराए जा रहे हैं। जिसमें धन का दुरुपयोग होता है और जनता को उसका लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। ग्राम सभाओं को महत्व नहीं मिल रहा है और न ही ग्राम सभाओं से प्रस्ताव लिए जा रहे हैं। पंचों की उपेक्षा की जाती है। जयसिंहनगर जनपद अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत सरवारी में सरपंच व सचिव का यही हाल है। यहां एक पुलिया ग्राम पंचायत के लिए बनाई जानी थी, लेकिन आज तक नही बनी। बताया गया कि उसे किसी और पंचायत में बना दिया गया है। जबकि उसकी रकम आहरित कर ली गई है।

### पुलिया का पता नहीं, ढाई लाख निकल गए

सरवारी में निर्धारित स्थल पर आज तक पुलिया का निर्माण नहीं हो सका, जबकि पुलिया निर्माण के नाम पर राशि आहरित कर ली गई है। संभवतः पुलिया का पूरा बजट निकाल कर खुर्द-बुर्द किया जा चुका है, रकम खर्च हो चुकी है, लेकिन निर्माण कार्य नहीं हुआ। इस अंधेरगर्दी की जांच पड़ताल कर सरपंच-सचिव की गिरेबान पकडऩे की जरूरत है, लेकिन इस भ्रष्टाचार की ओर न तो किसी का ध्यान है और न ही जांच के बाद भी कार्रवाई का होना सुनिश्चित रहता है। अगर निर्माण नहीं पूर्ण हो गया तो, आखिर दूसरे स्थल पर निर्माण कैसे हुआ और अगर आज भी निर्माण अपूर्ण है तो, आधी राशि आखिर कैसे निकल गई।

### कहीं और बना दी पुलिया

ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच व सचिव ने सरवारी की पुलिया मसियारी ग्राम पंचायत में बना दिया है। इसका फर्जी मूल्यांकन करा पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। मसियारी ग्राम पंचायत में सरपंच व सचिव ने सांठ-गांठ कर सरवारी की पुलिया का निर्माण करा रकम आहरित कर ली और उसका सरवारी पुलिया के नाम पर मूल्यांकन कराया गया है। जयसिंहनगर जनपद के मुखिया अगर इस मामले में जांच करें तो, भ्रष्टाचार का पुलिंदा खुलकर सामने आ सकता है। चर्चा तो यह भी है कि पंचायत द्वारा ऑफ रिकार्ड ठेका देकर उक्त निर्माण करा लिया।

### आज भी पुलिया निर्माण की प्रतिक्षा

जानकारी अनुसार सरवारी ग्राम पंचायत में 5 लाख की लागत से धेनू कोल के खेत के समीप एक पुलिया का निर्माण कराया जाना था। इसकी प्रशासकीय स्वीकृति क्रमांक 234 23 मई 2022 को हुई था। पुलिया के लिए ग्रामीणों ने काफी प्रयास किया था। पंचो की भी अनुमति थी, लेकिन यह पुलिया आज तक नहीं बनीं। प्रस्ताव पारित होने और पंचायत के पास बजट होने के बावजूद जनहित के निर्माण कार्य नहीं हो पाते। ग्रामीण आज भी आवाजाही की सुविधा के लिए पुलिया निर्माण कराए जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। सरपंच व सचिव ग्रामीणों को यह भी नहीं बताया जा रहा है कि पुलिया निर्माण कब कराया जाएगा।

### नहीं हो पा रही पड़ताल

सरवारी ग्राम पंचायत में ग्रामीण योजनाओं का लाभ लेने भटकते रहते हैं, लेकिन सरपंच व सचिव उनकी उपेक्षा करते रहते हैं। जबकि अपात्र लोग खासतौर पर उनके रिश्तेदारों को नियम विरुद्ध लाभ उठाते रहते हैं। मनरेगा मजदूरी में भी सरपंच व सचिव के द्वारा अपने करीबी लोगों का नाम जोडक़र लाभ दिलाया जाता है। निर्माण कार्यों का हाल यह है कि फर्जी वेण्डर व संस्थाओं के माध्यम से मटेरियल सप्लाई कराई जा रही है। सरपंच व सचिव धांधली पर धांधली कर रहे हैं पर प्रशासन से इनकी जांच पड़ताल नहीं हो पा रही है।

## खबर संक्षेप

### नौरोजाबाद में आयोजित किया गया स्वच्छता पखवाड़ा



**उमारिया।** कमिश्नर बी.एस.जामोद द्वारा संभाग के नगरीय निकायों में स्वच्छता पखवाड़े का अयोजन किये जाने के निर्देश दिए है, जिसके परिपालन में नगर पालिका परिषद नौरोजाबाद के मुख्य मार्गो रोड में साफ सफाई, नाला की सफाई, नाली सफाई कार्य, गाजर घास कटाई कार्य,कचरे का उठाव का कार्य,कीटनाशक दवाओ का छिडक़ाव का कार्य किया गया।

### भीषण गर्मी से यात्रियों को परेशानी

**कोतमा।** नगर पालिका के द्वारा बस स्टैंड में बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय में लगा एक पंखा काफी दिनों से बंद पड़ा है जिसके कारण इस भीषण गर्मी में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कोतमा बस स्टैंड में प्रतिदिन दो दर्जन से ज्यादा बसो का आना-जाना है जिसके कारण यात्री सुबह से लेकर देर शाम तक बसो की प्रतीक्षा में यात्री प्रतीक्षालय में धूप से बचने के लिए बैठकर बेसन का इंतजार करते हैं। वर्तमान में कड़ाके की धूप के साथ ही भीषण गर्मी पड़ रही है जिसको देखते हुए जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि बस स्टॉप में बने यात्री प्रतीक्षा में बिजली एवं पंखा दुरूस्त जाए लेकिन नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के कारण बस स्टैंड में स्थित यात्री प्रतीक्षालय में लगा एक पंखा काफी दिनों से बंद पड़ा हुआ है लेकिन इस पर नगर पालिका प्रशासन की नजर नहीं जा रही है जिसके कारण भीषण गर्मी में यात्री परेशान हो रहे हैं। नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से यात्री परिचालन में लगे पंखे के मरम्मत कर करवाते हुए पंखा को चालू करवाया जाए जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### विधि विधान से पूजा कर गुड्डा गुड़ियों का रचाया विवाह

**बड़वारा।** नगर में हर्षोल्लाष के साथ मनाया गया अक्षय तृतीया का पर्व। पौराणिक मान्यता के अनुसार वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया पर्व मनाया जाता है। आज ही के दिन भगवान परशुराम जी का प्राकट्य हुआ था। आज ही मां गंगा का अवतरण हुआ था लोगों को पाप से मुक्ति दिलाने के लिए। आज के दिन नवीन वस्त्र ,आभूषण बनवाना, नवीन वस्त्र बनवाना बेहद शुभ माना जाता है। नगर में सुबह से ही गुड्डे गुड़यों की विक्री करने के लिए दुकाने सज गई थीं। अक्षय तृतीया पर घरों में लड़कियों ने नवीन पोशाक पहनकर बड़ी ही खुशी के साथ गुड्डे गुडियों को नए वस्त्र पहनाकर दूल्हा दुल्हन की तरह तैयार कर पूरे विधि विधान के साथ पूजा गईं । गुड्डा गुड़ीयों को सात फेरे लगवाए गए तथा विवाह की सारी रस्मे पूरी की गईं। तदोपरान्त सत्तू,चना दाल,पकोड़े ,गुड़ आदि का भोग लगाया गया। अंत मे सभी को प्रसाद वितरित की गई।

### घर में घुसकर युवक के साथ की गई मारपीट

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गर रबर फैक्ट्री रोड निवासी युवक पर घर में घुसकर मारपीट किये जाने की घटना सामने आई है। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार रबर फैक्ट्री रोड निवासी अनूप पिता सर्वेश सिंह तोमर 26 सोम कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है।



## डाइट उमरिया में प्रशिक्षु मेले का आयोजन

**उमारिया।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, उमरिया के प्रशिक्षु छात्रों द्वारा डाइट संसथान में प्रशिक्षु मेले का आयोजन किया गया। मेले का आयोजन प्रशिक्षु छात्रों के मांग पर डाइट प्राचार्य अनिल पाण्डेय के निर्देशन में किया गया, जिसमे प्रथम एवम द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु छात्रों ने अपने-अपने कार्य समूह में लगभग 13 विभिन्न स्वनिर्मित खाद्य एवं पेय सामग्री का स्टाल लगया गया था जिनमे पानीपुरी, करेला मटर, भेलपुरी, शैक्षिक खेल, लस्सी, फ्रूट चाट, वेजिटेबल चाट, निम्बू एवं जलजीरा पानी, चाय, सिक्का उछाल कटोरी में डाल इत्यादि खेल भी शामिल थे। मेले में छात्रो द्वारा स्टॉल में खरीददारी के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनो सुविधा उपलब्ध कार्य गए। मेले डाइट संस्थान में डाइट व्ख्वायता डॉ. ब्रजेश शर्मा के निर्देशन में पाठ्य पुस्तक निर्माण माड्यूल विषय पर संचालित प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहें प्रशिक्षु शिक्षकों ने प्रतिभाग कर छात्रों द्वारा बनाये गये खाद्य सामग्रियों की खरीददारी गई और मेले का लुफ्त उठाया गया, प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहें शिक्षकों ने छात्रों द्वारा आयोजित मेले की सराहना की गई और छात्राध्यापक भी शिक्षकों के मेले में आमंत्रित होने, छात्रों द्वारा निर्मित खाद्य सामग्रियों की खरीददारी करने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने पर उत्साहित हुए, उक्त आयोजन में डाइट सहायक प्राध्यापक श्री प्रकाश चंद्र भट्ट, डाइट व्याख्याता डॉ.बृजेश शर्मा, डी. पी. सी. कार्यालय से डी. पी. सी. उमरिया, सुशील मिश्रा, एप. पी. सी. के. जी. भट्ट, एप. पी. सी. राकेश निगम, प्रोग्रामर पाण्डेय, एचपीपीआई शिक्षक बल्लाराम गुर्जर, हलधर रात्रे, गोकरण शुक्ला ने छात्रों द्वारा लगाये गये स्टालों में खरीददारी कर छात्रों द्वरा बनाये गये व्यंजनों का आन्नद उठाया और छात्रों द्वारा आयोजित मेले की प्रशंसा की, यह कार्यक्रम प्रशिक्षु छात्रों के लिए एक नया अनुभव था जिसने सभी छात्र बहुत उत्साहित थे, कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षुओ ने अपने अनुभवों को साझा करते हुऐ यह सीख ली कि कोई भी कार्य यदि समूह में संगठन के साथ करें तो असंभव कार्य भी संभव हो जाता है, विद्यालय द्वारा ऐसे मेले का आयोजन किया जाना चाहिए जिससे विद्यालय वातावरण में छात्रों के लिए सामजिकता और रोचकता का समावेश होता हैं साथ ही शैक्षिक वातावरण को प्रभावी बनाया जा सकता है जो समुदाय और विद्यालय के सम्बन्ध को अच्छा बनाए रखता है।

# आपसी सुलह से प्रकरणों के निराकरण में लोक अदालत की महती भूमिका-कलेक्टर

**लोक अदालत में पक्षकारों को मिलता है सस्ता न्याय- प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश**

**उमारिया।** न्याय सबके लिये और न्याय आपके द्वार की संकल्पना को साकार करने हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में 11 मई को जिला न्यायालय उमरिया एवं तहसील न्यायालय बीरसिंहपुर पाली एवं मानपुर में नेषनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिला न्यायालय में प्रधान जिला न्यायाधीष एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया महेन्द्र सिंह तोमर , कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं मा सरस्वती देवी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। नेशनल लोक अदालत को संबोधित करते हुये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारो को सस्ता न्याय मिलता है, जिससे उनका पैसा, समय की बचत होती है। आपसी सुलह से प्रकरणों के निराकरण होने पर जहाँ एक ओर दो परिवारों में विवाद की स्थिति समाप्त हो जाती है , वही दो परिवार एक हो जाता है, और आपसी मतभेदों को भुलाकर अपना जीवन व्यतीत करता है । आपने कहा कि लोक अदालत समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करता है और सामान्य अवसर प्रदान करते हुए न्याय को बढ़ावा देता है ।




कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि आपसी सुलह से प्रकरणों को निराकरण में लोक अदालत की महती भूमिका है। आपने कहा कि लोक अदालत भारतीय न्याय प्रणाली की उस पुरानी व्यवस्था को स्थापित करता है, जो प्राचीन भारत मे प्रचलित थी। लोक अदालत त्वरित और सस्ते न्याय के लिए वैकल्पिक समाधान या युक्ति प्रदान करती है ।

कार्यक्रम को संबोधित करते सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया जितेन्द्र कुमार बाजौलिया,तृतीय जिला जज रामसहारे राज,प्रथम जिला जज सुधीर कुमार चौधरी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, संतोष गुप्ता ने कहा कि लोक अदालत के आयोजन में लोगो के वकील का खर्च बचता है। कोर्ट फीस नही लगती है। किसी पक्ष को सजा नही मिलती , मामले को बातचीत के माध्यम से सुलझाया जाता है। प्रकरणो का निराकरण तत्काल होता है। लोक अदालत में जिला न्यायालय उमरिया एवं तहसील न्यायालय बीरसिंहपुर पाली एवं मानपुर में कुल 9 खण्डपीठों का गठन किया गया था जिनके द्वारा प्रकरणो का निराकरण किया गया । इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वर्षा भाटी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीष वरिष्ठ खण्ड वीणा खलखो, न्यायाधीष आषीष धुर्वे, प्रथम व्यवहार न्यायाधीष कनिष्ठ खण्ड, तृतीय व्यवहार न्यायाधीष कनिष्ठ खण्ड मोहन डावर, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीष पल्लवी सिंह, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, खण्डपीठ के अधिवक्तागण, समाजसेवी, पत्रकारगण लोक अदालत हेतु पक्षकारगण तथा न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दुष्यंत सोनी ने किया।

## समर कैम्प में योगा के साथ सेल्फ डिफेन्स के गुर सीख रहे बच्चे

### सेल्फ डिफेंस से बालिकाओं में बढ़ता है आत्मविश्वास



**उमरिया।** गर्मी की छुट्टियों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से समर कैंप का आयोजन किया गया । जिसमें बच्चों ने इस समर कैंप में उत्साह से भाग ले रहे। जिला कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ अभय ओहरिया व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग उमरिया जिला अधिकारी प्रतिपाल सिंह महोबिया के निर्देशन व मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग,पाली पुलिस व नगर पालिका परिषद के सहयोग से मां बिरासनी क्रिकेट स्टेडियम बिरसिंहपुर पाली में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।समर कैंप में बच्चों को योगा, कराटे,क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, खो खो, और फुटबॉल आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैंप में बच्चों को टेबल मैनर्स भी सिखाए जा रहे हैं।समर कैंप में मार्शल आर्ट प्रशिक्षक रश्मि मिश्रा के द्वारा सभी प्रतिभागियों को सेल्फ डिफेंस के रूल्स के साथ सेल्फ डिफेंस के आसान टिप्स के माध्यम से अपनी सुरक्षा करने के लिए तैयार कराया जा रहा है। उनके द्वारा बच्चों को क्विक सेल्फ डिफेंस के आसान तरीकों को स्टेप वाइज सिखाया जा रहा है, ताकि इन आसान टिप्स के माध्यम से विधार्थी अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी खुद ले सकें। टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने कहा कि बच्चों के लिए नई-नई चीजें सीखने का सबसे अच्छा समय ग्रीष्मकालीन अवकाश है। बच्चे जब इस तरह के शिविर में आते हैं ।तो उनमें नेतृत्व, टीम मैनेजमेंट, टाइम मैनेजमेंट, सहनशीलता, दृढ़ निश्चय, आगे बढऩे की भावना विकसित होती है। ये सब जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। खेलकूद से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण में शामिल करने के विषय पर विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए कहा कि आज के समय में हम दुर्घटना और अपराध से डर कर नहीं जी सकते। इसलिए आवश्यक है कि हम सेल्फ डिफेंस के आसान तरीकों को अपनाते हुए अपने आपको स्वस्थ रखने के साथ हमेशा सतर्क रहते हुए हर स्थिति का सामना करने को तैयार रहें।इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण विभाग ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रेशमा श्याम शर्मा, क्रिकेट कोच नृपेंद्र सिंह मार्शल आर्ट प्रशिक्षक रश्मि मिश्रा,युवा हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,मेहर बनो, सुनील प्रजापति, श्रीराम तिवारी, सत्यम सेन, काजल मालवी, शुभद्रा बैगा, निखिल सिंह, लकी यादव व सभी उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन संपन्न




**राजेन्द्रग्राम।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर रविन्दर सिंह, विवेक शुक्ला जिला न्यायाधीश/सचिव के मार्गदर्शन में सिविल न्यायालय राजेन्द्रग्राम में नेशनल लोक अदालत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, सिविल न्यायालय राजेन्द्रग्राम पवन कुमार शंखवार के द्वारा मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यापर्ण कर किया गया। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्टेÑट वरिष्ठ खण्ड सुनील कुमार खरे, न्यायिक मजिस्टेÑट कनिष्ठ खण्ड राहुल छत्री व सम्मस्त अधिवक्तागण एवं तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अधिवक्ता एवं पक्षकारों को संबोधित करते हुये कहा कि आप सभी के सहयोग से अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। उक्त लोक अदालत में न्यायालय में लंबित समझौता योग्य आपराधिक, दीवानी, पारिवारिक, वैवाहिक, धारा 138 एनआई एक्ट के प्रकरण व अन्य प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरण निराकृत कराई गई।

# जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करने पर लवकुश शुक्ला गिरफ्तार

**बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी एवं एस.डी.ओ.पी. अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में बिजुरी पुलिस द्वारा जिला बदर चल रहे आरोपी लवकुश शुक्ला पिता परशुराम शुक्ला उम्र 30 वर्ष निवासी ऊर्जा नगर बिजुरी को नगर में घूमते पाए जाने की सूचना पर घेराबंदी कर दबोचा जाकर कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया।



बिजुरी पुलिस ने की कार्यवाही

उल्लेखनीय है कि न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिला अनूपपुर आशीष वशिष्ठ के द्वारा पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पवार के प्रतिवेदन पर लवकुश शुक्ला पिता परशुराम शुक्ला उम्र 30 वर्ष निवासी उर्जानगर बिजुरी थाना बिजुरी जिला अनूपपुर के विरुद्ध विगत 4 वर्षों में चोरी, लुट, आर्म्स एक्ट, मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी के 29 अपराधिक प्रकरण थाना बिजुरी एवं अन्य थानो में दर्ज होना पाए जाने से दिनांक 23 अक्टूबर 2023 को मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3.1 धारा 5 क की कण्डिका एवं तथा सह पठित धार 7 के अंतर्गत जिला अनूपपुर एवं जिला अनूपपुर की सीमा से लगे हुए मध्यप्रदेश राज्य के जिला शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, डिंडौरी की सीमाओं से 1 वर्ष की काल अवधि के लिए निष्कासित किया गया है। जिला बदर किए गए आदतन अपराधी लवकुश शुक्ला पिता स्व परशुराम शुक्ला निवासी उर्जानगर बिजुरी का अनूपपुर के जिला बदर आदेश का उलंघन कर 10 मई को शाम 5 बजे उर्जानगर में घूमते पाये जाने की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी बिजुरी निरीक्षक विकास सिंह, उप निरीक्षक सोने सिंह परस्ते आरक्षक लक्ष्मण डांगी महिला आरक्षक संगम तोमर, रामनिवास गुर्जर एवं चालक आरक्षक अनिल मरावी के मुखबिर सूचना के बताये स्थान पर घेराबंदी किया गया तो अनावेदक लवकुश शुल्का पुलिस को देख कर एक टूटे मकान में लुक छिप रहा था जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिला बदर आरोपी को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत गिरफ्तार कर हमराह थाना लाये वापसी पर अपराध क्रमांक 126/2024 धारा 14 म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत कार्यवाही की जाकर आरोपी को 11 मई को जेआर पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

खबर संक्षेप

## मऊगंज में पुस्तक मेला 16 मई से

**मऊगंज** नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ से क्रय किए जाने वाली पुस्तकों गणवेश कॉपी तथा स्टेशनरी सामग्री उचित मूल्य पर सुलभ कराए जाने हेतु पुस्तक मेले का आयोजन 16 मई से 18 मई तक मऊगंज में किया गया है। पुस्तक मेला मऊगंज जनपद के सभागार में आयोजित किया जाएगा। पुस्तक मेले में पुस्तक विक्रेताओं व स्टेशनरी सामग्री विक्रेता अपने स्टॉल लगाकर उचित मूल्य पर सामग्री का विक्रय करेंगे।

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 68453.63 मी. टन गेंहू की खरीद

**रीवा।** जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद की जा रही है। जिले में 11 मई तक 14153 किसानो से 68453.63 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 16428.87 लाख रुपए की राशि मंजूर की गयी है। इस संबंध में अपर कलेक्टर तथा प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि उपार्जित गेहू का भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेहू में से 54775.82 मी टन क्विंटल गेहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 15418.97 लाख रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेहू खरीदी के लिए अब तक 20121 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं। गेंहू खरीद की अंतिम तिथि 20 मई है।

## अपर मुख्य सचिव 17 मई को संभागीय समीक्षा बैठक लेंगे

**रीवा ।** अपर मुख्य सचिव वन की अध्यक्षता में आगामी 17 मई को प्रातः 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में संभागीय बैठक आयोजित की गई है। बैठक में अपर मुख्य सचिव पूर्व में आयोजित समीक्षा बैठकों के कार्यवाही बिन्दुओं के पालन प्रतिवेदन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करेंगे। कमिश्नर रीवा संभाग गोपाल चन्द्र डाड ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही बिन्दुओं से संबंधित प्रगति की जानकारी 16 मई तक प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।

## वार्षिक पुनरीक्षण की जानकारी जनसम्पर्क में जमा कराएं

**रीवा।** जनसम्पर्क संचालनालय की विज्ञापन अनुमोदित सूची में शामिल सभी दैनिक समाचार पत्रों का वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके तहत एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जनसम्पर्क संचालनालय भोपाल के विज्ञापन प्रभाग में 22 मई तक शासकीय कार्य दिवसों में जमा की जा सकती है।

## केन्द्रीय जेल में नेशनल लोक अदालत एवं विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

**रीवा।** केन्द्रीय जेल रीवा में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सुबोध कुमार जैन, विशेष न्यायाधीश श्री सुरेन्द्र कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं जिला सत्र न्यायाधीश श्री आशीर्वाद भिलाला, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री रूप सिंह कनेल, डीआर पन्ना नागेश तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय मिश्रा के माध्यम से नामांकित अधिवक्ता द्वारा जेल के आंतरिक भाग का निरीक्षण कर नेशनल लोक अदालत एवं विधिक साक्षरता शिवर का आयोजन किया गया। शिविर में परिरूद्ध बंदियों को विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से समझौता हेतु प्राप्त बंदियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किए जाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, संजीव कुमार गेदले, योगेन्द्र परमार, श्याम सिंह कुशवाह सहित जेल का स्टॉफ व बंदी उपस्थित रहे।

# रामपुर बटुरा खदान, चोरों के लिए वरदान, दो साल गुजरने पर भी नहीं बनी बाउण्ड्रीवॉल, माफिया हो रहे मालामाल





**धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया की सबसे बड़ी रामपुर बटुरा खदान जो 30 वर्षों तक चलने वाली कोयला का विशाल भंडार युक्त खदान है।रामपुर बटुरा खदान खुले लगभग 2 वर्ष के बाद भी खदान के चहुंओर आज तक ईट सीमेंट गिट्टी की मजबूत बाउंड्री वॉल नहीं बनाई गई। ईट सीमेंट की दीवार की जगह हल्के लोहे टीने के बाउंड्री वॉल बनाई जा रही है जो इतना हल्का और कमजोर टीने का उपयोग ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है। गत दिनों हवा के झोंके से ही बाउंड्री वॉल में लगे टीना लोहा पूरी तरह से मुड़ खुल गया जब हवा का झोंका टीना लोहा सहन नहीं कर सका और बनने पहले ही सिविल इंजीनियर और ठेकेदार की पोल खुल गई।लगातार चोरियांसोहागपुर एरिया कि रामपुर बटुरा खदान से जुड़ी सबसे अधिक कोयला,डीजल कीमती पाटर्सो की चोरी खदानों से हो रही है फिर खदान की सुरक्षा की दृष्टि से हल्के लोहे और टीने से खदान को कभर करने से क्या होगा जब हवा के झोंके से ही बाउंड्रीवॉल मे लगाऐ जा टीना लोहा कुछ दिनों में ही लाखों की लागत से बनाए जा रहे कोल यार्ड की सुरक्षा की भेंट चढ़ जाएगी।दीवार के मुकाबले टीनसोहागपुर एरिया विभिन्न माइंस में जब ईट सीमेंट से बनी बाउंड्री वॉल असुरक्षित देखी जा रही है आए दिन चोरों के बाउंड्री वॉल तोड़कर खदान में सेंध मार कर चोरी को अंजाम दे रहे हैं वहीं प्रबंधन के द्वारा रामपुर बटुरा कोल यार्ड में हल्के-फुल्के लोहे टीना बनाए जा रहे बाउंड्री वॉल कितना सुरक्षित और कारगर साबित होगा यह कोई अनपढ़ भी बता सकता है। फिर भी प्रबंधन के द्वारा रामपुर बटुरा में किस तरह पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है यह जांच के विषय होना चाहिए आखिर प्रबंधन कोल यार्ड मे हल्के लोहे चद्दर की बाउंड्रीबाल से क्या कोयला चोरी पर अंकुश लग सकेगा इस तरह के हल्के टीने लोहे के घेरा बनाने से क्या लाभ होगा खदान को।सिविल विभाग में खेलारामपुर बटुरा खदान खुले लगभग 2 वर्ष के बाद भी खदान के चहुंओर आज तक ईट सीमेंट गिट्टी बनने वाली मजबूत बाउंड्री वॉल नहीं बनाई गई। ईट सीमेंट की दीवार की जगह हल्के लोहे टीने के बाउंड्री वॉल बनाई जा रही है जो इतना हल्का और कमजोर टीने का उपयोग ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है गत दिनों हवा के झोंके से ही बाउंड्री वॉल में लगे टीना लोहा पूरी तरह से मुड़ खुल गया जब हवा का झोंका टीना लोहा सहन नहीं कर सके और सिविल इंजीनियर सोच और ठेकेदार की पोल खुल गई।

### इनका कहना है

बाउंड्री वाल के संबंध में सिविल इंजीनियर से पूछ लीजिए।

**खान प्रबंधक अर्जुन जोडे रामपुर बटुरा**

# डायल 108 की सेवाओं से लोगों को मिल रही सहूलियतें, कम गाड़ी होने के बाद भी तुरंत मिल रही लोगों को सुविधा

**ब्यौहारी-** शहडोल जिले के अंतर्गत सभी विकास करो में डायल 108 की सेवाओं से लोग खुश नजर आ रहे हैं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में कुछ गाड़ियों की कमी भी है लेकिन जिला प्रबंधक रजनीश तिवारी के कुशल संचालन से गाड़ियों की कोई कमी नहीं हो रही है और सभी मरीजों को समय पर गाड़ियां मिल रही मध्य प्रदेश सरकार की 108 सेवा की लोग आए दिन प्रशंसा करते हैं लोगों को कहना है कि कुछ और गाड़ियां बढ़ जाए तो और भी जल्दी लोगों को सुविधा मिल सकेंगी।



# महिला की मौत पर परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**ब्यौहारी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत जोरा की निवासी 25 वर्षीय महिला गायत्री बैश्य पति शैलेंद्र वैश, पुत्री गणेश वैश्य धनहा खड्डी जिला सीधी की जहर खाने से मौत हो गई गायत्री के भाई सत्यनारायण वैष्य ने ससुराल वालों के ऊपर आरोप लगाया कि ईस घटना की जानकारी हम लोगों को नहीं दी गई गांव वालों से पता चलामेरी बहन को पहले ही प्रताड़ित करते थे लेकिन छोटे-छोटे बच्चों का मुंह देखकर के चुप रहा और अभी यह घटना हो गई मेरी बहन को जहर देकर मारा गया है इसकी निष्पक्ष जांच की जाये परिजन काफी देर तक पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते रहे उन्होंने कहा कि मुझे यहां के डॉक्टर पर भरोसा नहीं फिर समझने पर पोस्टमार्टम के लिए राजी हो गए तहसीलदार रोहित सिंह परिहार की उपस्थिति में पंचनामा कर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# जिले में हर सप्ताह होगी ओपेन हार्ट सर्जरी नागपुर के विशेषज्ञ डॉक्टर से हुआ अनुबंध

**रीवा ।** जिले के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में सफल किडनी ट्रांसप्लांट के बाद अब नियमित ओपन हार्ट सर्जरी करने की तैयारी की जा रही है। जल्द ही रीवा में यह सुविधा भी लोगों को मिल सकेगी। जिससे रीवा सहित आसपास के जिलों के लोगों को इलाज के लिए महानगरों की ओर भागने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मिली जानकारी के अनुसार सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अब ओपन हार्ट सर्जरी को गति मिलेगी। लंबे समय से कार्डियक एनेस्थीसिया स्पेशलिस्ट कमी से अस्पताल जूझ रहा था। इस कमी को पूरा कर लिया गया है। नागपुर के एक डाक्टर से अनुबंध हुआ है। वह हर सप्ताह अपनी सेवाएं सुपर स्पेशलिटी में देंगे। वही लंबे समय बाद हाल ही कुछ दिन पहले म दो महिलाओं का ओपन हार्ट आपरेशन किया गया था। इसमें नागपुर से ही कार्डियक एनेस्थीसिया स्पेशलिस्ट की मदद ली गई थी।डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला लंबे समय से इस कमी की पूर्ति के लिए लगे हुए थे। अब जाकर कार्डियक एनेस्थीसिया स्पेशलिस्ट की कमी पूरी हो गई है। अब महीने में चार दिन ओपेन हार्ट सर्जरी सीवीटीएस सर्जन कर सकेंगे। इससे ओपन हार्ट आपरेश का इंतजार करने वाले और बाहर आपरेशन कराने वालों को राहत मिलेगी। डिप्टी सीएम शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी प्रबंधन को व्यवस्था सुनिशिचत करने के निर्दे दिए हैं।

# बोलौउआ अभियान के माध्यम से घर घर किया जा जागरूक



इटौरा अंबेडकर बस्ती में अक्षय तृतीया पर आयोजित हुई विशेष गतिविधियां

रीवा। विदिशा शोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन रीवा द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत बनाने हेतु ग्रामीण छेत्रो में आम जनता के बीच बोलौआ अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत के पंच सरपँच आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से सहयोग लेकर बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत तथा बाल हितैषी ग्राम पंचायत बनाने हेतु कार्य किया जा रहा है। गाँव मे बच्चों के अभिभावकों से मिलकर कम उम्र में अपने बेटे बेटियों की शादी न करने की समझाइश देकर उनसे बाल विवाह न कराने का संकल्प पत्र भराया जा रहा है। जिसका ग्रामीण छेत्रो में बहुत ही सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है।विदिशा शोशल वेलफेयर रीवा की टीम के द्वारा अलग अलग प्रकार की जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से बाल विवाह रोकथाम की पहल की जा रही है।पंचायतो के साथ ही चयनित ग्रामो के मंदिर ,मस्जिद , गुरुद्वारे ,चर्च ,विवाह घरों ,धार्मिक स्थलों में पोस्टर पंपलेट्स वितरण कर बाल विवाह जैसे कुप्रथाओं से बच्चो के जीवन को बचाने का कार्य किया जा रहा है।

# ब्यौहारी क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती, निकाली गई शोभायात्रा

**ब्यौहारी।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर परशुराम जयंती मनाई जाने की खबरें हैं अक्षय तृतीया के अवसर पर पूरा क्षेत्र भगवा में हो गया। अक्षय तृतीया में भगवान परशुराम की जयंती जिले में धूमधाम से मनाई गई। ब्यौहारी ,पपौंध, बाणसागर और बुडवा क्षेत्र में आयोजन की धूम रही। सबसे पहले भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की गई और उसके बाद शोभा यात्रा निकाल कर वरिष्ठ ब्राह्मण जनों का सम्मान किया गया। उनके विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने 21 बार दुष्टों को संहार किया है और पीड़ितों को न्याय दिलाया वह किसी वर्ग के विरोधी नहीं थे । बुढ़वा परशुराम की जयंती पर बुडवा में महावीरन धाम से लेकर बुढ़वा होते हुए ललमटिया धरी नंबर दो तक यात्रा पहुंची जहां पर विप्र बंधुओं को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रभात द्विवेदी बिन्नू,सरस्वती पांडे, शैलेंद्र मिश्रा, अरुण द्विवेदी, सहित 500 लोगों ने बाइक रैली में भाग लिया । बाणसागर -बाणसागर में भी परशुराम जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत पैरेंट्स प्राईड स्कूल बाणसागर से शुरू होकर आशा ज्योति स्कूल होते हुए शोभायात्रा निकाली गई एवं कार्यक्रम के समापन पर वरिष्ठों का सम्मान किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संतोष उपाध्याय ,सिद्धार्थ अग्निहोत्री, रामबरन पांडे तूफानी, रवि मिश्रा रामबदन पांडे, दुर्गेश तिवारी जिला पंचायत सदस्य श्रीनिवास मिश्र मयंक तिवारी, सुखेंद्र द्विवेदी विकास तिवारी रामबहोर तिवारी,अवधेश बाजपेई, विवेक तिवारी सहित सैकड़ो लोग शामिल हुएब्यौहारी में परशुराम जयंती के अवसर पर व्यवहारी में नगरिया मंदिर के पास यात्रा निकाली गई कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बालाजी शुक्ला आशीष शुक्ला सौरभ शुक्ला,बंधू तिवारी, विकास तिवारी सहित ब्राह्मण संगठन के कार्यकर्ता शामिल हुए । करकी -परशुराम जयंती के अवसर पर करकी में शिवम शुक्ला के नेतृत्व में पूजा अर्चना के पश्चात बाइक रैली निकाली गई एवं भगवान परशुराम का संदेश विप्र बंधुओं तक पहुंचाया।







## निजी विद्यालयों एवं पुस्तक विक्रेताओं के लिए पारदर्शिता हेतु धारा 144 के तहत आदेश जारी

# किताबें और ड्रेस खरीदने में दुकानदारों की नहीं चलेगी मनमानी

**मऊगंज।** जिले के शासकीय और निजी स्कूल में बड़ी संख्या में विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। जिले की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के प्रबंधन द्वारा शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों द्वारा खरीदी जाने वाली किताबें और ड्रेस खरीदने के संबंध में गंभीर शिकायतें मिली हैं। इन पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजय श्रीवास्तव ने ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 (5) के तहत एक पक्षीय रूप से जारी किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति शिक्षण संस्था के प्राचार्य तथा प्रबंधक के विरूद्ध धारा 188 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार विद्यार्थियों के अभिभावकों को स्कूल अथवा अन्य शिक्षण संस्थान पुस्तकें ड्रेस अथवा अन्य सामग्री खरीदने के लिए किसी विशेष दुकान से बाध्य नहीं कर सकेंगे। जिले के सभी अशासकीय स्कूल जो मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल अथवा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल (सीबीएसई) अथवा आईसीएसई से संबद्ध हैं उनमें यह आदेश पूरी तरह से लागू होगा। निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूल के प्रवेश प्रारंभ की तिथि प्रक्रिया स्कूल में उपयोग की जाने वाली पाठ्य पुस्तकों स्टेशनरी पठन-पाठन सामग्री स्कूल बैग ड्रेस स्पोर्ट्स किट की राशि स्कूल के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करना आवश्यक होगा। इसे स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट पर भी प्रदर्शित करें। जारी आदेश के अनुसार निजी स्कूल उसमें प्रवेश की विवरण पुस्तिका एवं प्रवेश आवेदन पत्र प्राप्त करने के संबंध में पूरी जानकारी स्कूल के सूचना पटल और वेबसाइट में उपलब्ध कराएं। इसके लिए यदि अभिभावकों से किसी भी तरह की राशि ली जाती है तो उसका स्पष्ट उल्लेख करें। सभी निजी स्कूल केवल उन्ही पाठ्यपुस्तकों का निर्धारण करें जो उसकी संबद्धता वाले बोर्ड से स्वीकृत हों। निजी स्कूल प्रबंधन विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को केवल चुने हुए दुकानदार से पुस्तकें ड्रेस टाई जूते स्टेशनरी आदि खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेंगे। इन सामग्रियों को खुले बाजार से खरीदने के लिए विद्यार्थी स्वतंत्र होंगे। स्कूल संचालक विद्यार्थी की ड्रेस को छोड़कर किसी भी पाठ्य सामग्री पर स्कूल का नाम उल्लेखित नहीं करेंगे। कोई भी विक्रेता किसी भी कक्षा के पूरे सेट को क्रय करने के लिए बाध्य नहीं करेगा। यदि किसी विद्यार्थी के पास पुरानी किताबें उपलब्ध हैं तो उसे केवल उसकी आवश्यकता की पुस्तकें ही विक्रेता के द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही नोटबुक कॉपी पुस्तकों व उन पर चढ़ाए जाने वाले कवर पर विद्यालय का नाम मुद्रित नहीं किया जाएगा। कोई भी विद्यालय अधिकतम दो से अधिक यूनिफार्म निर्धारित नहीं कर सकेंगे। ब्लेजर/स्वेटर इसके अतिरिक्त होगा। विद्यालय प्रशासन द्वारा यूनिफार्म का निर्धारण इस प्रकार किया जा सकेगा कि कम से कम तीन वर्ष तक कोई परिवर्तन नहीं होगा। विद्यालय प्रशासन द्वारा वार्षिकोत्सव एवं अन्य किसी आयोजन का किसी भी प्रकार की वेशभूषा को विद्यार्थियों/पालकों को क्रय करने हेतु बाध्य नहीं किए जाएंगे।



कलेक्टर मऊगंज द्वारा आदेश जारी

जारी आदेश के अनुसार सभी निजी स्कूल संचालक आगामी शिक्षण सत्र शुरू होने से पहले अनिवार्य रूप से कक्षावार पुस्तकों और उनके लेखक एवं प्रकाशक के नाम तथा मूल्य सूचना पटल पर प्रदर्शित करें। विद्यार्थियों अथवा अभिभावकों द्वारा मांगे जाने पर सूची उन्हें उपलब्ध कराएं। जारी आदेश के अनुसार सभी निजी स्कूल प्रबंधक सूचना पटल पर स्पष्ट रूप से इस बात का उल्लेख करें कि पुस्तकें ड्रेस तथा अन्य सामग्री किसी विशेष दुकान से खरीदने की बाध्यता नहीं है। पुस्तकों के अतिरिक्त स्कूलों द्वारा यूनिफार्म जूते कॉपियाँ आदि की बिक्री का प्रयास नहीं किया जाएगा। स्कूल की स्टेशनरी ड्रेस तथा अन्य पठन-पाठन सामग्री में स्कूल का नाम प्रिंट करवाकर दुकानों से क्रय करके अथवा किसी एक विशिष्ट दुकान से बिक्री कराना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने सभी एसडीएम तथा जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश का कठोरता से पालन कराने के निर्देश दिए हैं।

# श्रीमानसपीठ खजुरीताल धाम में 7 दिवस लगा रहा श्रद्धालुओं का मेला

**रीवा ।** हिन्दू राष्ट्र में धार्मिक अनुष्ठानों का एक अलग ही महत्व है जिसके चलते भारत भूमि में लगातार धार्मिक कार्यक्रम चलते रहते हैं। इसी क्रम में श्रीमानसपीठ खजुरीताल में 4 मई से प्रारंभ हुए बृहद धार्मिक अनुष्ठान पाटोत्सव कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक दिन प्रातः कालीन,शायं कालीन एवं रात्रिकालीन प्रहर में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिस दौरान श्रीमानसपीठ खजुरीताल धाम में सप्ताहभर श्रद्धालुओं का मेला लगा रहा, जो पुरातन काल से आस्था का केंद्र बना हुआ है। पाटोत्सव कार्यक्रम को भव्यता के साथ सफल बनाने के लिए कार्यक्रम के आयोजक श्रीमानसपीठ खजुरीताल पीठाधीश्वर जगद्गुरू श्रीरामललाचार्य जी महाराज ने कथाव्यास ब्रह्मर्षि डॉ. रामविलास दास बेदांती जी महराज का वंदन करते हुए प्रतीक चिह्न भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं कार्यक्रम में उपस्थित साधुओं,संतों,महंतों व आचार्यों को सम्मानित कर सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्रीमानसपीठ खजुरीताल धाम के शिष्य पाटोत्सव कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी पंडित सचिन शर्मा सूर्या के नेतृत्व में युवा एकता परिषद के युवाओं ने पाटोत्सव कार्यक्रम के आयोजक श्रीमानसपीठाधीश्वर जगद्गुरू श्रीरामललाचार्य जी महराज का गजमाला से अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्रीमानसपीठ पाटोत्सव के अंतिम दिवस प्रभात बेला में प्रातः 9 बजे 21 बटुकों का व्रतबंध संस्कार हुआ साथ ही मध्यकालीन बेला में दोपहर 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया एवं शायंकालीन बेला में शाम 5 बजे हनुमतगाथा सुनाते हुए कथाव्यास डॉक्टर रामविलास दास बेदांती जी महराज ने कहा की रामायण में जीवों के कल्याण हेतु पाँच उपाय बताए गए हैं, हनुमान जी ने कहा हे प्रभु मैं आपके माया के बस में चारो ओर घूम रहा हूँ। बिना आपके कृपा से उसका निस्तार नहीं हो सकता। जीवात्मा में हर्ष होता है, जीवात्मा में ज्ञान होता है,जीवात्मा में अज्ञान होता है।

## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने अपहृत बालिका को किया दस्तयाब

**अनूपपुर।** सूचनाकर्ता बाल मुकुन्द सिंह गोंड़ निवासी लामाटोला थाना कोतमा के द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि 27/06/23 को सुबह 6 बजे नित्य क्रिया के लिए घर से बाहर गई नाबालिग लड़की घर वापस घर नहीं आई जिसकी पता तलाश गांव मोहल्ले में किये कोई पता नहीं चला। शंका है कि नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर थाना कोतमा में अपराध क्रमांक 230/23 धारा 363 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता नाबालिग बालिका के अपहरण की घटना को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा गंभीरता से लिया जाकर थाना स्तर पर विशेष पुलिस टीम गठित कर नाबालिग अपहताओ की तलाश पुलिस द्वारा की गई।10 मई को अपहता को दस्तयाब कर उसके परिजनो को सुपुर्द किया गया है। उक्त कार्यवाही मे पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी के मार्गदर्शन में एसडीओपी अनूपपुर के निर्देशन पर थाना प्रभारी कोतमा सुन्द्रेश सिंह के नेतृत्व मे, उपनिरीक्षक फूलवती अहिरवार, प्रधान आरक्षक सपन नामदेव, आरक्षक जितेन्द्र मंडलोई, मुमताज अहमद, महिला आरक्षक पिन्की प्रजापति, कंचन चौहान की भूमिका सराहनीय रही।

### जिले के 8 फीडरों में विद्युत आपूर्ति रहेगी अवरूद्ध

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि उप संभाग अनूपपुर एवं उप संभाग राजेन्द्रग्राम के विद्युत लाइनों का अति आवश्यक मानसून पूर्व मेंटेनेंस कार्य किया जाना है, जिसके कारण इन विद्युत लाइनों में विद्युत प्रवाह अवरूद्ध रहेगा। उन्होंने बताया है कि 12 मई को प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक उप संभाग अनूपपुर के 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र अनूपपुर, 11 के.व्ही. कोलमी फीडर, 11 के.व्ही. छुलहा फीडर, 11 के.व्ही. जैतहरी टाउन फीडर, 11 के.व्ही. वेंकटनगर फीडर, 11 के.व्ही. जकीरा फीडर तथा 11 के.व्ही. केल्हौरी फीडर से जुड़े समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता ने बताया कि मानसून पूर्व मेंटेनेंस कार्य के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहने की समय सीमा को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।



## वाटर पार्क के संचालक के विरुद्ध दर्ज होगा मामला

# निर्माणाधीन अधूरा वॉटर पार्क खुलते ही ले ली नाबालिग की जान

शनिवार को कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सकरा में स्थित वॉटर पार्क में डूबने से 16 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। जहां वॉटर पार्क में मृतक के दोस्तों द्वारा उसे जिला चिकित्सालय अनूपपुर में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद वॉटर पार्क सहित स्वीमिंग पुल में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है वहीं वाटर पार्क के निर्माण और संचालन में नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है, जबकि उक्त वॉटर पार्क अभी भी निमार्णधीन है।

## परिजनों ने पार्क निर्माण के संचालन एवं सुरक्षा नियमों की अनदेखी का लगाया आरोप

**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरा में नव संचालित रईस खान के वाटरपार्क में शनिवार की दोपहर कई युवकों के साथ आए एक नाबालिक की वाटरपार्क के तालाब में डूबने से गंभीर होने पर जिला अस्पताल पहुंचने के पूर्व मौत हो गई घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस घटना स्थल एवं जिला अस्पताल पहुंचकर कार्यवाही करने में जुटी हुई है वही वाटरपार्क को सील किए जाने की जानकारी भी मिली है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर से 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत सकरा के छीरापटपर स्थल पर अनूपपुर निवासी मोहम्मद रईस खान द्वारा वाटरपार्क का निर्माण कर कुछ दिनों पूर्व ही प्रारंभ किया गया है जिसमें शनिवार की दोपहर बुढार से कुछ युवक घूमने तथा नहाने आए रहे जिसमें से एक 17 वर्षीय युवक शुभम प्रजापति पिता शिवप्रसाद प्रजापति वाटरपार्क के अंदर स्थित तालाब में नहाते समय डूब गया जिसे अन्य साथियों द्वारा 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय अनूपपुर ला कर ड्यूटी डॉक्टर से परीक्षण कराने पर उसे मृत घोषित किया गया तथा घटना की सूचना जिला अस्पताल पुलिस को दिए जाने पर अस्पताल पुलिस मृतक की परिजनों एवं अन्य गवाहो के समक्ष शव का पंचनामा कर ड्यूटी डॉक्टर से पीएम की कार्रवाही कराई है वहीं घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन पुलिस दल के साथ घटनास्थल एवं जिला अस्पताल पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी संकलित कर कार्यवाही में जुटी है इस दौरान बताया गया कि वाटरपार्क को सील कर दिया गया है।

### संचालक की सुरक्षा से खिलवाड़ के कारण गई जान

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सकरा में अधूरे बने वाटर पार्क में सुरक्षा से खिलवाड़ करते हुए वाटर पार्क के संचालक ने लोगो को प्रवेश दिया जिसमें शनिवार की दोपहर 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई जबकि इससे पूर्व लगभग एक सप्ताह पहले भी एक युवक इसी वाटर पार्क मे डूबते डूबते बचा था। ज्ञात हो कि वाटर पार्क के संचालक मोहम्मद रईस खान द्वारा सुरक्षा नियमों को अनदेखी कर न तो यहां आने वाले लोगों के लिए लाइफ जैकेट उपलब्ध करवाया जा रहा था और नही सुरक्षा की दृष्टि से अन्य सावधानियां बरती जा रही थी और यही कारण है कि वॉटर पार्कने खुलते ही एक नाबालिग की बलि ले ली।

### निर्माणाधीन वॉटर पार्क को किया चालू

सर रिसोर्ट्स एण्ड फन क्लब के नाम पर अनूपपुर के रईस खान ने वॉटर पार्क का निर्माण बीते माहों में शुरू किया था, लेकिन रूपयों के फेर में रईस खान ने अधूरे वॉटर पार्क को ही चालू कर दिया था। बीते 15 से 20 दिनों से यहां सैकड़ों की संख्या में युवक-युवतियां एवं बच्चे बिना किसी सुरक्षा उपकरणों और अधूरे वॉटर पार्क में 150 रुपए की टिकट कटवाकर दो घंटे के लिए नहाने पहुंच रहे थे, इस पूरे मामले में संचालक रईस खान और उसके बड़े भाई एसएम खान जो यहां के मालिक हैं, चंद रूपयों की लालच में नाबालिग की जान ले बैठे।



### वाटर पार्क के संचालक के खिलाफ दर्ज होगा मामला

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मो. इसरार मन्सूरी ने बताया कि 11 मई को शुभम प्रजापति पुत्र शिव प्रसाद प्रजापति 16 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 4 बुढ़ार जो अपने 5 दोस्तों के साथ घर में अमरकंटक जाने की बात कहकर निकला था और ग्राम सकरा स्थित बॉटर पार्क में घूमने गया था। जहां दोपहर लगभग 2.30 बजे दोस्तो के साथ वॉटर पार्क में नहा रहा था। मृतक के दोस्तो ने बताया कि हम सभी दोस्त नहा कर निकले थे, लेकिन शुभम दोबारा नहाने चला गया, इस बीच पानी अधिक होने के कारण वह डूब गया। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। जिला अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना करते हुए पहले वॉटर पार्क सकरा जाकर स्थल परीक्षण कराए जाने की मांग पुलिस से रखी। पुलिस की समझाईश व नियमानुसार कार्यवाही के आश्वासन के बाद मृतक के परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने राजी हुए वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वाटर पार्क के संचालक रहीस खान के विरुद्ध मामला दर्ज किया जाएगा।

### इनका कहना है

घटना के बाद वॉटरपार्कको सील कर दिया गया है तथा जांच के बाद वॉटरपार्कके संचालक व मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज किया जायेगा।

**अरविंद जैन, निरीक्षक**
**कोतवाली अनूपपुर**

वॉटरपार्क के संचालक के खिलाफ मानव हत्या पर धारा 304 के तहत मामला पंजीबद्ध किया जाकर कार्यवाही की जायेगी।

**मोहम्मद इसरार मंसूरी**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**

## बघर्रा में मृत मिला अज्ञात युवक का शव, पुलिस जुटी जांच में

अनूपपुर। जिले के राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को ग्राम बघर्रा में अज्ञात युवक का शव मिलने की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस अधिकारियों सहित डॉग स्क्वॉयड और एफएसएल की टीम पहुंचकर जांच प्रारंभ की।

बताया गया कि राजेंद्र ग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम बघर्रा के बदरी के जंगल में अज्ञात लगभग 30 वर्षीय युवक का शव ग्रामीणों के द्वारा देखे जाने के पश्चात मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर एफएसएल डॉग स्क्वॉड की टीम के द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच प्रारंभ की। इसके साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतक के शरीर में कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। प्रथम दृष्टया देखने पर मृतक कोई विक्षिप्त प्रतीत हो रहा है। संभवतः जिसकी मौत लू लगने की वजह से या फिर भूखे रहने की वजह से हुई होगी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के पश्चात यह स्पष्ट हो पाएगा। राजेंद्रग्राम पुलिस के द्वारा मर्ग कायम करते हुए मामले की जांच प्रारंभ की गई है।



### पुलिस डॉग स्क्वॉयड और एफएसएल टीम पहुंची मौके पर

## तीन निष्क्रिय खुली खदानों का होगा भराव




## एसईसीएल एवं ताप विद्युत गृह चचाई के बीच हुआ समझौता

**चचाई।** 10 मई को मेसर्स साउथ ईस्टर्न कोल इंडिया लिमिटेड, सोहागपुर क्षेत्र, धनपुरी स्थित महाप्रबंधक कार्यालय में मेसर्स अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई एवं एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के मध्य तीन निषक्रिय खदानो को अ.ता.वि.गृ. चचाई से निष्कासित फ्लाई ऐश से भराव करने हेतु समझौता ज्ञापन निष्पादित किया गया है। एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक श्रीकृष्णा की उपस्थिति में, अ.ता.वि.गृ. के मुख्य अभियंता महेन्द्र लाल पटेल एवं एसईसीएल बुढ़ार-सोहागपुर क्षेत्र के उपक्षेत्रीय प्रबंधक जय प्रकाश महतो द्वारा अ.ता.वि.गृ. चचाई से निकलने वाली फ्लाई ऐष से अनुपयोगी बैगा, ट्रेंच एबीसीडी एवं ट्रेच टी-3 खुली खदान का, भराव करने हेतु समझौता ज्ञापन निष्पादित किया गया। इस अवसर पर ताप विद्युत गृह के अधीक्षण अभियंता सह नोड़ल अधिकारी (फ्लाई ऐश) विजय देब, कार्यपालन अभियंता अखिलेश कुमार सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। एसईसीएल की ओर से पंकज गौतम, एवं केशव मीणा, पर्यावरण अधिकारी एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र, उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अभियंता महेन्द्र लाल पटेल द्वारा जानकारी प्रदान की गई कि इस भराव कार्य में कुल 24 लाख घनमीटर फ्लाई ऐश का अनुमानित उपयोग आकलित किया गया है जिससे भूमि सतह के स्तर को प्राप्त करने तक कार्य संपन्न किया जावेगा तथा इस भूमि को उन्नत करते हुए अंत में वृक्षारोपण/उद्यान निर्माण का कार्य किया जावेगा जिससे पर्यावरणीय हितों के संवर्धन के साथ-साथ अ.ता.वि.गृ., म.प्र.पा.ज.कं.लि.,चचाई की फ्लाई ऐश उपयोगिता में वृद्धि सुनिश्चित हो सके। श्री पटेल ने जानकारी दी कि वर्तमान में अ.ता.वि.गृ. चचाई के राखड़ बॉध में 37 लाख घन मीटर फ्लाई ऐश उपयोग हेतु उपलब्ध है। समझौता ज्ञापन निष्पादन समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथि श्रीकृष्णा महाप्रबंधक, सोहागपुर क्षेत्र ने अपना हर्ष व्यक्त करते हुए अ.ता.वि.गृ. चचाई को पर्यावरणीय हितों के संवर्धन एवं फ्लाई ऐष उपयोगिता में वृद्धि के परिप्रेक्ष्य में अपनी शुभकामनाए प्रेषित की साथ ही आवंटित अनुपयोगी खदानों का अतिशीघ्र भूभराव कर समतलीकरण प्रकृिया संपन्न करने का अनुरोध किया है। एस. एम. कृष्णा ने उद्बोधन में व्यक्त किया कि एसईसीएल सदैव पर्यावरण हितों के लिए समर्पित रहा है पूर्व में हमारे क्षेत्र अंतर्गत आवंटित शारदा ओपीक्यूआर खुली खदान में मेसर्स एमबी पॉवर जैतहरी एवं अ.ता.वि.गृ. चचाई द्वारा 11 लाख घनमीटर राख का भराव कर भू समतलीकरण की प्रकृिया संपन्न की जा रही है जिससे इस क्षेत्र में पर्यावरण हितों की वृद्धि संभव होगी। भविष्य में हम इस तरह की अन्य अनुपयोगी खदानों को फ्लाई ऐश से भराव हेतु विद्युत संयंत्रों को उपलब्ध कराते रहेंगे। एसईसीएल बुढ़ार-सोहागपुर क्षेत्र के उपक्षेत्रीय प्रबंधक जय प्रकाश महतो ने अ.ता.वि.गृ. चचाई के अधिकारीगणों को पर्यावरण संवर्धन हेतु किये जा रहे सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए भराव कार्य का संपादन म.प्र.प्र.नि.बो. द्वारा जारी जारी दिशा निर्देशानुरूप करते हुए निर्धारित उपयोगिता लक्ष्य प्राप्त करने हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# सुविधाओं से कोसों दूर रेलवे स्टेशन कोतमा




## न शौचालय, न ही पेयजल और न ही बैठने की उचित व्यवस्था

**कोतमा।** कोतमा रेलवे स्टेशन मे अव्यवस्थाओ का अंबर लगा हुआ है यहां पर आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। देखने को तो जगह जगह शौचालय बना हुआ है पर उसमें दिन भर ताला लटका रहता है। लोगो को शुद्ध पेय तो छोड़ो पानी ही नहीं मिल पा रहा है। पूरे रेलवे स्टेशन में गंदगी का अंबार लगा रहता है। कोतमा रेलवे स्टेशन जहाँ मूलभूत सुविधाओं के नाम पर सिर्फ दिखावा बचा है यात्रियों के लिए किसी भी प्रकार की कोई भी व्यवस्था नहीं है और न ही पीने के लिए शुद्ध पेय जल की व्यवस्था है। सुलभ शौचालय सिर्फ दिखावे के लिए बना हुआ है क्योंकि यहाँ सिर्फ ताला ही देखने को मिलता है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का दिनभर आना जाना लगा रहता है, परंतु आने जाने वाले यात्रियों को सुलभ शौचालय की सुविधा नही मिलती न ही पीने के लिए पानी साथ ही गंदगी का अंबार लगा रहता है रेलवे प्रबंधन इस पर अपना ध्यान आकर्षित करना उचित नही समझती है। जिसका जीता जगता उदाहरण देखने को मिल रहा है। आखिर रेलवे प्रबंधन क्यो नही सुविधा प्रदान कर रही है आखिर किसकी लापरवाही की वजह से यात्रियों को मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। जबकि यह क्षेत्र कोयलांचल क्षेत्र होने के साथ ही कोतमा नगर आर्थिक नगरी के रूप में भी जाना जाता है और प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग लोगों का आना-जाना रेलवे स्टेशन पर बना रहता है सबसे ज्यादा पीने के पानी की परेशानी गरीब तबके के लोगों को होती है।

### महिलाओं को होती है परेशानी

ग्रामीण क्षेत्र से यात्रा करने रेलवे स्टेशन आई महिला ने बताया कि हम काम से हर दूसरे तीसरे दिन कोतमा रेलवे स्टेशन में यात्रा करने आते हैं लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी हम लोगों को बाथरूम करने के लिए होती है स्टेशन में बने शौचालय में हमेशा ताला लटकता रहता है। जिसके कारण हम लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। रेलवे स्टेशन में पीने के लिए पानी की भी सुविधा नहीं है जिसके लिए हमें स्टेशन के बाहर बाजार में जाकर पानी पीना पड़ता है या तो फिर पानी खरीद कर पीते हैं। हम लोगों के साथ छोटे-छोटे बच्चे भी रहते हैं जिन्हें भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि रेल प्रबंधन को कोयलांचल क्षेत्र होने के कारण जमकर राजस्व का लाभ होता है उसके बाद भी कोतमा रेलवे स्टेशन के साथ रेल प्रबंधन का सौतेला व्यवहार समझ से परे है। नागरिकों ने रेल प्रबंधन से रेलवे स्टेशन में शौचालय की सुविधा एवं पीने की पानी की सुविधा प्रदान करने की मांग की है।

### खुली नालियों की बदबू से परेशान

रेलवे प्रबंधन द्वारा रेलवे स्टेशन एवं परिसर में बनाए गए नालियों में चेंबर नहीं लगाए गए हैं जिसके कारण नालियों में गंदगी भरी पड़ी हुई है बारिश का पानी जब नाली में भर जाता है तो वह रेलवे स्टेशन के अंदर तक आ जाता है। नालियों में गंदगी भरी पड़ी होने के कारण मच्छर भी पनपते हैं जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। एक और पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत रेलवे स्टेशन परिसर में यदि कोई व्यक्ति खड़ा होकर पेशाब कर रहा है तो उसे पर रेलवे प्रबंधन के द्वारा जुमार्ना लगाया जाता है और वहीं दूसरी ओर यह देखने को मिल रहा है कि रेलवे स्टेशन में स्वच्छता के नाम पर दिखावा किया जा रहा है।

### इनका कहना है

पानी का कनेक्शन नहीं होने के कारण शौचालय में ताला बंद है। रेलवे स्टेशन में यदि गंदगी व्याप्त है तो उसकी साफ सफाई करवाई जाएगी।

**एचके राय**
**स्टेशन मास्टर कोतमा**

# ग्रामीणों ने एसईसीएल पर आश्वासन देकर काम न करने का लगाया आरोप

### हरद के ग्रामीणों ने कलेक्टर से की लिखित शिकायत

**जमुना/बदरा।** ग्राम पंचायत हरद के सरपंच ग्रामवासियों द्वारा जिला कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि एचआरसी एवं एम बिड कंपनी दोनो मिलकर ऐश फिलिंग का कार्य कर रही है। ग्राम हरद से बदरा कोतमा आने जाने वाली मात्र एक ही रास्ता है। 40 टन की गाड़ियाँ उस रास्ते से अधिक तेज चलाकर बार-बार आने-जाने से रास्ते में बड़े- बड़े गढ्ढ़े हो गये है। जिससे आमजन व्यक्तियों एवं महिलाओ, स्कूली बच्चो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है गढ्ढे होने से कई लोगो को चोटे आई है गाड़ियों से भरे डस्ट जब खाली करते या उस रास्ते से गुजरते है तो स्कूली बच्चे एवं आमजन को सॉस लेने में भी काफी दिक्कत आती है। उस रास्ते एवं जहाँ खाली कर रहे है वहाँ अच्छी तरह से सिंचाई की भी सुविधा नहीं है जिससे डस्ट बादल की कोहरे की तरह उड़कर गाँवों तक पहुँचता है ठेकेदारो की मनमानी रवैए से गाँव वाले एवं आमजन आक्रोशित है। जिसके लिए आने-जाने वाले रास्ते को बनवाने का कष्ट करें,उड़ रहे डस्ट में बार-बार पानी की सिंचाई करवाई जाए साथ ही दोनो कंपनी में जो कि सिर्फ बाहरी लोगो की ही भर्तिया कर रहे है वो गाँव के लोगों को भी प्राथमिकता दे।ग्रामवासियों का कहना है कि ल्फउ एवं ट इ्र किंपनी के द्वारा कोई सुविधा नहीं दिया जा रहा है जिससे ग्राम हरद का वातावरण प्रदूषित हो रहा है लोग बिमारियो का शिकार हो रहे है नल जल योजना सुचारू रूप से नहीं चल पा रहा है क्योंकि उनके द्वारा हमारे ही गाँव के ट्रांसफार्मर से कनेक्शन कर पम्प एवं बिजली चलाया जा रहा है उसे तत्काल बंद करवाया जाये।



### ग्रामवासियों ने की मांग

हरद के ग्रामवासियों द्वारा उमा स्कूल जो एसईसीएल द्वारा बनवाया गया था, वह आज की स्थिति में पूरी तरह जर्जर है उसके स्थान पर नया भवन निर्माण कराए जाने, पूर्व में एसईसीएल के द्वारा हरद से बदरा पहुँच मार्ग रोड बनवाया गया था वह भी आज की स्थिति में पूरी तरह गड्ढा युक्त हो गया है जिससे लोगो को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है उसे रिपेयरिंग करवाने ग्राम हरद झोरकी टोला में सबमर्शियल पम्प लगवाने तालाब में घाट निर्माण कराये जाने के साथ ही जहां ऐश फिलिंग का कार्य चल रहा है वहाँ खेल का मैदान एवं गार्डन बनवाया जाय जिससे गांव का वातावरण शुद्ध होने के साथ ही बच्चो के खेलने के लिए मैदान प्राप्त हो सके।